Empowering
Women
Enriching
Future

KMGGPGC

# KM. MAYAWATI

## GOVERNMENT GIRLS P.G. (AUTONOMOUS) COLLEGE,
## BADALPUR (GAUTAM BUDDHA NAGAR)

(NAAC Accredited with B++ Grade (CGPA 2.91))

- Ranked among India Today's leading institutions in the lowest fee category from last three years
- Recognized for delivering high-quality education with affordability
- ISO 9001 2015 Certified




# PROSPECTUS

## 2026 – 2027

Quality Education • Women Empowerment • Better Tomorrow

## कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर (स्वायत्त) महाविद्यालय, बादलपुर (गौतम बुद्ध नगर)

**(NAAC Accredited with B++ Grade (CGPA 2.91))**

# कॉलेज प्रसार पत्र

# &

# 2026-27 के लिए प्रवेश नियम

**https://kmgcbadalpur.org/**

## हमारे बारे में (About Us)

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय, बादलपुर, जनपद गौतमबुद्ध नगर, केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा सशक्त मंच है जहाँ अन्तर्निहित आकांक्षाएँ अभिव्यक्ति पाती हैं और भविष्य आकार लेता है। उच्च शिक्षा विभाग ,उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन स्थापित यह महाविद्यालय विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित वर्ग की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहाँ शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा है। महाविद्यालय छात्राओं को सीमाओं से परे सोचने, स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करने और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। यह महाविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता और नैतिक मूल्यों पर आधारित वातावरण में सीखने , आत्मविश्वास मे वृद्धि करने एवं छात्राओं के सशक्तिकरण और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनता है।

## विरासत एवं विकास (Legacy & Evolution)

इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1997 में मात्र 28 छात्राओं के साथ हुई थी। यह एक साधारण शुरुआत थी , जो आज एक सशक्त एवं बहुआयामी शैक्षणिक समुदाय के रूप में विकसित हो चुकी है। समय के साथ यह महाविद्यालय कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा तथा व्यावसायिक अध्ययन के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध स्तर के विविध पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला केंद्र बन गया है।

यह विकास केवल संख्या में वृद्धि नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। यह बदलते समय के साथ प्रासंगिक बने रहने और समावेशिता एवं उत्कृष्टता के मूल्यों को बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाविद्यालय की विकास यात्रा का प्रत्येक कदम इस विश्वास से प्रेरित रहा है कि शिक्षा सुलभ, सार्थक और परिवर्तनकारी होनी चाहिए।

## प्रत्यायन एवं विशेषताएँ (Accreditation & Distinction)

महाविद्यालय की उत्कृष्टता निम्नलिखित उपलब्धियों में परिलक्षित होती है:

- NAAC द्वारा B++ ग्रेड (CGPA 2.91) से मान्यता प्राप्त
- इंडिया टुडे द्वारा रैंकिंग मे न्यूनतम शुल्क श्रेणी में अग्रणी संस्थानों में स्थान
- उत्तर प्रदेश का एक मात्र सरकारी महाविद्यालय है, जहाँ B.Voc. कार्यक्रम संचालित है।

ये उपलब्धियाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाए रखने की संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## स्वायत्तता का नया अध्याय (A New Chapter of Autonomy)

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय, बादलपुर को हाल ही में स्वायत्तता का दर्जा प्राप्त हुआ है—जो इसकी शैक्षणिक क्षमता और दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह केवल एक प्रशासनिक परिवर्तन नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति एक अधिक लचीले और नवोन्मेषी दृष्टिकोण की शुरुआत है।

स्वायत्तशासी व्यवस्था के अंतर्गत पाठ्यक्रम समयानुकूल विकसित होते हैं तथा अंतर्विषयक और कौशल-आधारित दृष्टिकोण शिक्षा को अधिक प्रासंगिक बनाते हैं।इस व्यवस्था के अंतर्गत कक्षा के बाहर सेमिनार, इंटर्नशिप, फील्डवर्क और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाता है। मूल्यांकन प्रणाली भी निरंतर और समग्र विकास पर आधारित है। प्रोजेक्ट, प्रायोगिक कार्य और सतत मूल्यांकन के माध्यम से यह न केवल ज्ञान, बल्कि समझ, अनुकूलन क्षमता और भविष्य की तैयारी को भी परखती है।

## हमारी प्रेरणा



**प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनीता रानी राठौर**

# प्राचार्य का संदेश

"शिक्षा हमे आत्मविश्वास देती है ताकि हम खुद के सपनो को प्राप्त कर सके ।" - अब्राहम लिंकन ।

भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली होने का गौरव रखता है, फिर भी सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrolment Ratio) अभी भी लगभग 28.4% के आसपास है। इस परिप्रेक्ष्य में, ग्रामीण क्षेत्रों एवं वंचित वर्गों की महिलाओं की भागीदारी सबसे कम है। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर किए गए सतत प्रयासों के बावजूद, ग्रामीण महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा तक पहुँच आज भी एक चुनौती बनी हुई है, जबकि यही शिक्षा एक समावेशी समाज के निर्माण का सशक्त माध्यम है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अनेक स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों की स्थापना की है, जिसमें कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर–एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

इंडिया टुडे द्वारा न्यूनतम शुल्क श्रेणी में देश के शीर्ष 10 महाविद्यालयों में स्थान प्राप्त करने वाला तथा उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सर्वाधिक NAAC ग्रेड B++ (CGPA 2.91) प्राप्त करने वाला हमारा महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश का एकमात्र राजकीय महाविद्यालय होने के नाते, जहाँ B.Voc. पाठ्यक्रम संचालित हैं, हमने अब तक 124 से अधिक शोधार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया है, जिनमें 57 से अधिक JRF/SRF अध्येतावृत्ति प्राप्तकर्ता शामिल हैं।

हमारी यात्रा वर्ष 1997 में केवल 28 छात्राओं और 4 शिक्षकों के साथ आरम्भ हुई थी। आज, यह संस्थान 2000 से अधिक छात्राओं को शिक्षण प्रदान कर रहा है, जहाँ 60 पूर्णकालिक संकाय सदस्य, 5 समर्पित कर्मचारी, तथा अतिथि संकाय एवं शोधार्थियों का एक सशक्त समूह कार्यरत है। कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा एवं व्यावसायिक अध्ययन के अंतर्गत 20 विभागों के माध्यम से हमारा महाविद्यालय ग्रामीण महिलाओं को समग्र एवं सशक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें स्मार्ट कक्षाएँ, वाई-फाई युक्त परिसर, सुसज्जित प्रयोगशालाएँ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, बहुउद्देशीय हॉल तथा खेल सुविधाएँ शामिल हैं। हाल के वर्षों में औपचारिक मेंटरिंग प्रणाली, एम.आई.एस., ग्रीन ऑडिट तथा डे-केयर सेवाओं जैसी पहलें हमारी निरंतर प्रगति का प्रमाण हैं। भविष्य की योजनाओं में पुस्तकालय का पूर्ण स्वचालन, छात्र संघ कक्ष, इनडोर गेम्स परिसर आदि शामिल हैं।

"हम ऐसी शिक्षा चाहते हैं जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास हो और व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके"– स्वामी विवेकानंद के इस विचार से प्रेरित होकर हम निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं।

प्राचार्य के रूप में, मुझे इस उत्कृष्ट संस्थान का हिस्सा होने पर गर्व है। मैं नए छात्र-छात्राओं का कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर परिवार में हार्दिक स्वागत करती हूँ और उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित करने, उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा उत्तर प्रदेश के अग्रणी राजकीय महाविद्यालयों में से एक की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हूँ।

**शुभकामनाओं सहित,**
**प्रो. अनीता रानी राठौर**
प्राचार्य

## दृष्टि, मिशन एवं मूल्य (Vision, Mission, and Values)

### हमारी दृष्टि (Our Vision): जहाँ सपनों को आकार मिलता है

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना, जिससे ग्राम एवं शहर के अंतर को कम किया जा सके तथा समग्र राष्ट्रीय विकास में योगदान सुनिश्चित हो।

### हमारा मिशन (Our Mission): संभावनाओं को उत्कृष्टता में रूपांतरित करना

उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग की एक इकाई के रूप में महाविद्यालय ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु प्रतिबद्ध है, जिसके अंतर्गत उनमें

- नेतृत्व कौशल, आंतरिक सुदृढ़ता एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना
- नैतिक मूल्यों, सहिष्णुता एवं सामाजिक समरसता का संवर्धन करना आदि सम्मिलित है ।

### मूल मूल्य (Core Values)

**सशक्तिकरण (Empowerment):**

ग्रामीण महिलाओं को किफायती एवं उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना।

**समावेशन (Inclusivity):**

पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र में स्थित होने की स्थिति मे एक समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देना।

**उत्कृष्टता (Excellence):**

परंपरागत, व्यावसायिक एवं कौशल-आधारित शिक्षा को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ते हुए शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहना।

**सहिष्णुता (Tolerance):**

धर्मनिरपेक्षता, टीम भावना, सौहार्द, भाईचारा, सहिष्णुता तथा प्रकृति (वनस्पति एवं जीव-जंतु) एवं पर्यावरण के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना।

**नेतृत्व (Leadership):**

छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व कौशल का विकास करना |

**सामाजिक उत्तरदायित्व (Social Responsibility):**

सामुदायिक सहभागिता एवं विस्तार गतिविधियों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र की सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए तत्पर रहना है।

**निष्ठा एवं पारदर्शिता (Integrity):**

उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की इकाई के रूप में नियमों के कठोर अनुपालन द्वारा निष्ठा एवं पारदर्शिता बनाए रखना।

## कॉलेज की उत्कृष्टता के स्तंभ

| नाम/ पदनाम | |
|---|---|
| प्रो. दीप्ति बाजपेयी<br><br>भाषा संकाय की अधिष्ठाता |  |
| प्रो. आई. डी. सिंह<br><br>विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता |  |
| प्रो. आशा रानी<br><br>कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता |  |
| प्रो. दिनेश चन्द्र शर्मा<br><br>शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता |  |
| प्रो. अनीता सिंह<br><br>ललित कला एवं मंच कला संकाय की अधिष्ठाता |  |

| नाम/ पदनाम | |
| --- | --- |
| प्रो. निधि रायज़ादा<br><br>सह-पाठ्यक्रम / अनिवार्य पाठ्यक्रम संकाय की अधिष्ठाता |  |
| प्रो. शिवानी वर्मा<br><br>शिक्षक शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता |  |
| प्रो. मीनाक्षी लोहानी<br><br>व्यावसायिक अध्ययन संकाय की अधिष्ठाता |  |
| प्रो. ममता उपाध्याय<br><br>वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता |  |
| प्रो. रश्मि कुमारी<br><br>मुख्य शास्ता |  |

## विज्ञान संकाय (Faculty of Science)

विज्ञान संकाय कठोर शैक्षणिक प्रशिक्षण एवं व्यवस्थित प्रयोगात्मक अध्ययन के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान के विकास के लिए समर्पित है। यह तार्किक विश्लेषण, सटीकता तथा शोध-उन्मुख दृष्टिकोण को विकसित करता है, जो उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक है।

### कार्यक्रम (Programmes)

| स्तर | कार्यक्रम | विषय | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| स्नातक | बी.एससी. | भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान | 3 वर्ष | • अभ्यर्थी ने गणित समूह हेतु गणित विषय तथा जीवविज्ञान समूह हेतु जीवविज्ञान विषय के साथ 10+2 परीक्षा न्यूनतम 45% अंकों सहित उत्तीर्ण की हो।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों को शासनादेशानुसार न्यूनतम अंकों की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाएगी। |
| स्नातकोत्तर | एम.एससी. | जंतु विज्ञान | 2 वर्ष | • अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों सहित स्नातक (बी.एससी.) उपाधि प्राप्त की हो तथा स्नातक के तीनों वर्षों में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय का प्रमुख विषय (Major Subject) के रूप में अध्ययन किया हो- जंतु विज्ञान, जीवन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्मजीव विज्ञान, बी.वोक./बी.एससी. इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (MLT), पशु विज्ञान अथवा जैवरसायन विज्ञान।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। |

### मुख्य विशेषताएँ (Key Highlights)

- मूलभूत वैज्ञानिक विषयों में सुदृढ़ आधार
- प्रयोगशाला आधारित शिक्षण एवं प्रयोगात्मक पद्धति
- शोध, विश्लेषण एवं नवाचार की ओर उन्मुखता
- उच्च अध्ययन एवं शैक्षणिक करियर हेतु तैयारी

## वाणिज्य संकाय (Faculty of Commerce)

वाणिज्य संकाय व्यापारिक प्रणालियों, वित्तीय प्रक्रियाओं एवं आर्थिक व्यवहार की समझ विकसित करने हेतु एक सुसंगठित शैक्षणिक ढाँचा प्रदान करता है। यह सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर विद्यार्थियों को पेशेवर रूप से सक्षम बनाता है।

### कार्यक्रम (Programmes)

| **स्तर** | **कार्यक्रम** | **विषय** | **अवधि** | **पात्रता** |
|---|---|---|---|---|
| स्नातक | बी.कॉम. | वाणिज्य | 3 वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 |

### मुख्य विशेषताएँ (Key Highlights)

- लेखांकन एवं वित्त में सुदृढ़ शैक्षणिक आधार
- अनुप्रयोग-आधारित एवं उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम
- व्यावसायिक योग्यताओं का विकास एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र हेतु तैयारी
- विश्लेषणात्मक एवं प्रबंधकीय कौशल का विकास

## शिक्षा संकाय (Faculty of Teacher Education)

शिक्षा संकाय भावी शिक्षकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण, उत्कृष्ट शिक्षण पद्धतियों एवं कक्षा-आधारित अभ्यास के माध्यम से तैयार करता है। यह आधुनिक शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम, नैतिक एवं सामाजिक रूप से उत्तरदायी शिक्षक विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कार्यक्रम (Programme)**

| **स्तर** | **कार्यक्रम** | **विषय** | **अवधि** | **पात्रता** |
|---|---|---|---|---|
| व्यावसायिक | बी.एड. | शिक्षक शिक्षा | 2 वर्ष | अभ्यर्थियों के लिए उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE) में सम्मिलित होना अनिवार्य है।<br>• सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के अभ्यर्थियों हेतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/मानविकी वर्ग में न्यूनतम 50% अंकों सहित स्नातक अथवा परास्नातक उपाधि अनिवार्य होगी।<br>• गणित एवं विज्ञान विषयों में विशेषज्ञता सहित बी.ई./बी.टेक. (इंजीनियरिंग) उपाधिधारक अभ्यर्थी, जिन्होंने न्यूनतम 55% अंक प्राप्त किए हों अथवा उपर्युक्त के समकक्ष अन्य अर्हता रखते हों, प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी।<br>• अधिक जानकारी हेतु उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (UP B.Ed. JEE 2026) के आधिकारिक वेबपृष्ठ का अवलोकन करें।<br>बी.एड. प्रवेश सूचना पृष्ठ लिंक :<br>**https://www.bujhansi.ac.in/information-corner/up-bed-jee/** |

**मुख्य विशेषताएँ (Key Highlights)**

- मान्यता प्राप्त शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम
- प्रैक्टिस टीचिंग एवं विद्यालय इंटर्नशिप
- स्मार्ट कक्षा आधारित शिक्षण
- TGT / PGT / सरकारी शिक्षण सेवाओं हेतु मार्गदर्शन

## व्यावसायिक अध्ययन संकाय (Faculty of Vocational Studies)

व्यावसायिक अध्ययन संकाय कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देता है, जो शैक्षणिक ज्ञान एवं उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करता है। यह कक्षा शिक्षण को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ जोड़कर विद्यार्थियों को उद्योग के लिए तैयार करता है तथा उनमें व्यावसायिक दक्षता एवं उद्यमशीलता का विकास करता है।अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) पर विशेष बल देते हुए यह संकाय विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन परिस्थितियों में ज्ञान के प्रयोग हेतु सक्षम बनाता है, जिससे वे आत्मविश्वासी, कुशल एवं रोजगार के लिए तैयार बनते हैं।

**कार्यक्रम (Programmes)**

| स्तर | कार्यक्रम | विषय | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| स्नातक | B.Voc. | मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (MLT), एयरलाइन टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट (ATHM) | 3 वर्ष | बी वा॓क. इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (MLT) हेतु अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान वर्ग (भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीवविज्ञान) में 10+2 परीक्षा न्यूनतम 50% अंकों सहित उत्तीर्ण की हो।<br>• बी वा॓क इन एटीएचएम (ATHM) हेतु अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी वर्ग में 10+2 परीक्षा न्यूनतम 50% अंकों सहित उत्तीर्ण की हो। |

**मुख्य विशेषताएँ (Key Highlights)**

- संरचित एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण मॉड्यूल
- सैद्धांतिक ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल का समन्वय
- वर्तमान उद्योग मानकों एवं तकनीकों के अनुरूप प्रशिक्षण
- आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों एवं सेवा क्षेत्र संचालन का अनुभव
- संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं कार्यस्थल तैयारी पर बल
- इंटर्नशिप अवसर एवं उद्योग-शिक्षा सहयोग
- रोजगार क्षमता, नैतिकता एवं व्यावसायिक दक्षता पर विशेष ध्यान

## भाषा, कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान तथा ललित कला एवं मंच कला संकाय

कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय समाज, शासन एवं संस्कृति के अध्ययन हेतु बहुविषयी शैक्षिक संरचना प्रदान करता है। यह संकाय समालोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों को सार्वजनिक एवं बौद्धिक जीवन में सार्थक एवं जागरूक सहभागिता हेतु तैयार करता है। भाषा संकाय भाषायी दक्षता, साहित्यिक अभिरुचि तथा समालोचनात्मक व्याख्या के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति की स्पष्टता तथा सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परंपराओं की गहन समझ विकसित करने में सक्षम बनाता है। ललित कला एवं मंच कला संकाय अनुशासित सृजनात्मकता एवं कलात्मक अन्वेषण को प्रोत्साहित करता है तथा पारंपरिक कला रूपों को समकालीन अभिव्यक्तियों एवं व्यवहारिक प्रक्रियाओं के साथ समन्वित करता है।

**कार्यक्रम (Programmes)**

| कार्यक्रम | उपलब्ध विषय | अवधि | पूर्वापेक्षाएँ / पात्रता |
|---|---|---|---|
| बी.ए. | संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेज़ी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, शारीरिक शिक्षा, संगीत, चित्रकला | 3 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी वर्ग में 10+2 उत्तीर्ण। |
| एम.ए. | संस्कृत | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। |
| एम.ए. | हिन्दी | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी।<br>• अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय को ऐच्छिक विषय के रूप में अध्ययन किया हो। |
| एम.ए. | अंग्रेज़ी | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों |

| कार्यक्रम | उपलब्ध विषय | अवधि | पूर्वापेक्षाएँ / पात्रता |
|---|---|---|---|
| | | | हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी।<br>• अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर अंग्रेज़ी विषय को ऐच्छिक विषय के रूप में अध्ययन किया हो। |
| एम.ए. | राजनीति विज्ञान | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी।<br>• प्रवेश हेतु मेरिट सूची तैयार करते समय मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अभ्यर्थियों को 5% वेटेज प्रदान किया जाएगा। अन्य संकायों के अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों में 5% की कटौती की जाएगी। |
| एम.ए. | अर्थशास्त्र | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र अथवा गणित को प्रमुख विषय के रूप में अध्ययन किया हो।<br>• बी.कॉम. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर करने हेतु पात्र होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। |
| एम.ए. | इतिहास | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। |
| एम.ए. | समाजशास्त्र | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे। |

| कार्यक्रम | उपलब्ध विषय | अवधि | पूर्वापेक्षाएँ / पात्रता |
|---|---|---|---|
| | | | • अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। |
| एम.ए. | भूगोल | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 10% की छूट प्रदान की जाएगी।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। |
| एम.ए. | गृह विज्ञान | 2 वर्ष | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.ए./बी.एससी. स्नातक उपाधि।<br>• सामान्य/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों हेतु शासनादेशानुसार न्यूनतम प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी।<br>• गृह विज्ञान/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान विषयों में से किसी एक विषय में न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य होंगे। |

प्रमुख विशेषताएँ

- बहुविषयी एवं समन्वित शैक्षिक दृष्टिकोण
- समकालीन सामाजिक एवं नीतिगत विषयों से सक्रिय सहभागिता
- क्षेत्राधारित अध्ययन एवं शोधोन्मुख शिक्षण प्रणाली
- सिविल सेवा एवं सार्वजनिक क्षेत्र के करियर हेतु सुदृढ़ तैयारी
- भाषा, साहित्य एवं भाषाविज्ञान का व्यवस्थित अध्ययन
- संप्रेषण क्षमता एवं लेखन कौशल का विकास
- अनुवाद, मीडिया एवं सांस्कृतिक विमर्श से परिचय
- समालोचनात्मक विश्लेषण एवं व्याख्यात्मक कौशल पर विशेष बल
- दृश्य एवं मंच कलाओं में संरचित एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण
- सैद्धांतिक अध्ययन एवं कलात्मक अभिव्यक्ति का समन्वय
- शास्त्रीय एवं समकालीन कला रूपों का व्यापक परिचय
- प्रदर्शनी, प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता के अवसर

## शोध कार्यक्रम (Doctoral Programmes)

महाविद्यालय विभिन्न विषयों में शोध कार्यक्रम संचालित करता है, जो संरचित मार्गदर्शन के अंतर्गत उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं शैक्षणिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करते हैं।

### कार्यक्रम विवरण (Programme Details)

| स्तर | कार्यक्रम | विषय | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| शोध | पीएच.डी. | विज्ञान, वाणिज्य, इतिहास, हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, संगीत, शिक्षा शास्त्र, शारीरिक शिक्षा | 3-5 वर्ष | • अभ्यर्थी के पास न्यूनतम 55% अंकों (अथवा समकक्ष ग्रेड) सहित संबंधित विषय में परास्नातक उपाधि अथवा समकक्ष व्यावसायिक उपाधि होना अनिवार्य है।<br>• अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/दिव्यांग तथा शासनादेशानुसार अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों को 5% की छूट (न्यूनतम 50%) प्रदान की जाएगी।<br>• विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त उपाधियाँ मान्यता प्राप्त एवं प्रत्यायित संस्थानों से होना अनिवार्य हैं।<br>• यूजीसी-नेट/जेआरएफ/सीएसआईआर-नेट/गेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।<br>• अभ्यर्थियों का चयन संबंधित विभाग द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। |

### मुख्य विशेषताएँ (Key Highlights)

- शोध उन्मुख शैक्षणिक वातावरण
- अनुभवी संकाय द्वारा मार्गदर्शन
- अंतर्विषयक शोध की संभावनाएँ
- संरचित मूल्यांकन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता

## दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम (IGNOU अध्ययन केंद्र)

महाविद्यालय जुलाई 2013 से Indira Gandhi National Open University, नई दिल्ली का एक मान्यता प्राप्त नियमित अध्ययन केंद्र है। यह केंद्र विभिन्न विषयों में 20 कार्यक्रमों का संचालन करता है, जिससे विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लचीले अवसर मिलते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया IGNOU के दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित होती है तथा प्रॉस्पेक्टस महाविद्यालय में उपलब्ध है। अध्ययन केंद्र विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहयोग, परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिससे उनका अधिगम अनुभव सुगम एवं प्रभावी बन सके।

**प्रस्तावित कार्यक्रम (Programmes Offered)**

| क्रम सं. | कार्यक्रम कोड | कार्यक्रम का नाम | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.P.P. | बैचलर प्रिपरेटरी प्रोग्राम | 6 माह | कक्षा 8 या उससे अधिक |
| 2 | B.A. | बैचलर ऑफ आर्ट्स | 3 वर्ष | 10+2 |
| 3 | B.Com. | बैचलर ऑफ कॉमर्स | 3 वर्ष | 10+2 |
| 4 | M.Com. | मास्टर ऑफ कॉमर्स | 2 वर्ष | स्नातक |
| 5 | MHD | एम.ए. (हिन्दी) | 2 वर्ष | स्नातक |
| 6 | MEG | एम.ए. (अंग्रेज़ी) | 2 वर्ष | स्नातक |
| 7 | MAH | एम.ए. (इतिहास) | 2 वर्ष | स्नातक |
| 8 | MPS | एम.ए. (राजनीति विज्ञान) | 2 वर्ष | स्नातक |
| 9 | MSO | एम.ए. (समाजशास्त्र) | 2 वर्ष | स्नातक |
| 10 | PGDIBO | पीजी डिप्लोमा (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संचालन) | 1 वर्ष | स्नातक |
| 11 | PGDRD | पीजी डिप्लोमा (ग्रामीण विकास) | 1 वर्ष | स्नातक |
| 12 | PGDEDS | पीजी डिप्लोमा (पर्यावरण एवं सतत विकास) | 1 वर्ष | स्नातक |
| 13 | DNHE | डिप्लोमा (पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा) | 1 वर्ष | स्नातक |
| 14 | CNCC | डिप्लोमा (पोषण एवं बाल देखभाल) | 1 वर्ष | स्नातक |
| 15 | CDM | प्रमाणपत्र (आपदा प्रबंधन) | 6 माह | 10+2 |
| 16 | DCE | डिप्लोमा (रचनात्मक लेखन - अंग्रेज़ी) | 1 वर्ष | स्नातक |
| 17 | CES | प्रमाणपत्र (पर्यावरण अध्ययन) | 6 माह | 10+2 |
| 18 | CRD | प्रमाणपत्र (ग्रामीण विकास) | 6 माह | 10+2 |
| 19 | CHR | प्रमाणपत्र (मानवाधिकार) | 6 माह | 10+2 |
| 20 | CPLT | प्रमाणपत्र (लैब टेक्नोलॉजी) | 6 माह | 10+2 |

**विद्यार्थी सहायता प्रावधान (Student Support Provisions)**

- **शुल्क छूट सुविधा:** पात्र छात्र निर्धारित नियमों के अनुसार शुल्क में रियायत हेतु आवेदन कर सकते हैं।
- **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु सहायता:** छात्र सहायता कोष के माध्यम से योग्य विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।
- **छात्रवृत्तियाँ:** मेधावी एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएँ उपलब्ध हैं।

यह अध्ययन केंद्र मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से सुलभ, लचीली एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**KMGGPGC में अधिगम की प्रक्रिया (How You Will Learn @KMGGPGC**

**S.H.E. Framework: सस्टेनेबल होलिस्टिक एजुकेशन फॉर एम्पावरमेंट**

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर में अधिगम को एक सक्रिय एवं निरंतर विकसित होने वाली प्रक्रिया के रूप में परिकल्पित किया गया है। S.H.E. फ्रेमवर्क छात्रा को केंद्र में रखते हुए कक्षा को संवाद, जिज्ञासा एवं सार्थक सहभागिता का मंच बनाता है।

पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से आगे बढ़ते हुए यह भागीदारी, आलोचनात्मक चिंतन एवं वास्तविक जीवन में ज्ञान के अनुप्रयोग पर बल देता है। लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) एवं मिश्रित अधिगम (Blended Learning) के माध्यम से यह प्रणाली निरंतर सहभागिता, सुलभता एवं व्यक्तिगत अधिगम सुनिश्चित करती है, जिससे शिक्षा समावेशी एवं भविष्य उन्मुख बनती है।



**वैश्विक सहयोग एवं शैक्षणिक साझेदारी (Global Collaborations & Academic Partnerships)**

महाविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से कक्षा से परे अधिगम को विस्तार देता है। ये साझेदारियाँ व्याख्यान, कार्यशालाएँ, इंटर्नशिप एवं संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से शैक्षणिक आदान-प्रदान, कौशल विकास एवं उद्योग अनुभव को बढ़ावा देती हैं।

वैश्विक दृष्टिकोण को स्थानीय संदर्भों से जोड़ते हुए संस्थान विद्यार्थियों को तेजी से बदलती दुनिया में आत्मविश्वास, दक्षता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार करता है।



**करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ (Career Counselling & Placement Cell)**

करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के व्यावसायिक भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं, रुचियों एवं उपयुक्त करियर विकल्पों की पहचान करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है।

यह प्रकोष्ठ कार्यशालाओं, इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे संचार कौशल, बायोडाटा निर्माण एवं साक्षात्कार की तैयारी जैसे रोजगारोन्मुख कौशल विकसित होते हैं। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों में स्पष्टता, आत्मविश्वास एवं उद्योग से जुड़ाव बढ़ता है।

प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को विभिन्न नियोक्ताओं से जोड़कर रोजगार के अवसरों को सुलभ बनाता है। इस प्रकार यह शिक्षा एवं रोजगार के बीच की दूरी को कम करते हुए विद्यार्थियों के लिए बेहतर करियर अवसर एवं दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करता है।

**"उत्कृष्टता के मील के पत्थर: हमारे प्लेसमेंट की झलकियाँ" (Milestones of Merit: Our Placement Highlights)**

| फोटो स्थान | नाम एवं बैच | वर्तमान पद | संगठन / संस्थान |
|---|---|---|---|
|  | शिवानी राघव (बैच: 2018–2021) | क्रेडिट मैनेजर | DJT फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि., सेक्टर 125, नोएडा |
|  | ***शिवानी राघव (बैच: 2016-2019*** | ***प्रोसेस डेवलपर*** | ***जेनपैक्ट इंडिया प्रा. लि.*** |
|  | ***अर्पणा राठौर (एम.एससी. प्राणि विज्ञान, बैच: 2020-2022)*** | ***टीजीटी (प्राकृतिक विज्ञान)*** | ***राजकीय बालक/बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (GBSSS), दिल्ली*** |

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | मेघा सिरोही (बी.एससी., बैच: 2019) | उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवारत | – |
|  | डॉ. मिंटू | एसोसिएट प्रोफेसर (हिंदी) | कुमारी मायावती जी.जी.पी.जी. कॉलेज, बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर |
|  | डॉ. स्निका नागर | असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) | कनोहर लाल गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मेरठ |
|  | कुमारी खुशबू (वर्ष: 2022-24) | जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर | रक्षा मंत्रालय |
|  | सोनी कश्यप (बैच: 2021-2024) | एचआर एडमिन | अप्रमेय रिटेल इंडिया प्रा. लि. |
|  | तनु (ATHM बैच: 2022-2025) | कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव | इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | *दिव्या (बैच: 2019-2022)* | *शिक्षक* | *बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, गौतम बुद्ध नगर* |
|  | *सुश्री अंचल नागर (बैच: 2019-2022)* | *लैब टेक्नीशियन* | *अवी हॉस्पिटल, वैशाली, गाज़ियाबाद* |
|  | *राशिदी रोकुईया (बी.एड. सत्र: 2015-17)* | *असिस्टेंट प्रोफेसर (शिक्षा विभाग)* | *बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय, बालूगंज, आगरा* |

# प्रवेश प्रक्रिया

**• आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश**

**प्रवेश प्रक्रिया सरल, पारदर्शी एवं छात्र-अनुकूल है। अभ्यर्थी निम्नलिखित चरणों का पालन करें :**

**1. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया**

**प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।**

1. **समर्थ प्रवेश पोर्टल** http://kmgcbadalpuradm.samarth.edu.in **पर जाकर अपना नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी एवं अन्य मूलभूत विवरण दर्ज कर पंजीकरण करें।**
2. **आवेदन पत्र में आवश्यक समस्त जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।**
3. **अंकपत्र, प्रमाणपत्र, नवीनतम फोटो तथा पहचान पत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें।**
4. **निर्धारित आवेदन शुल्क उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान माध्यमों से जमा करें।**
5. **अंतिम सबमिशन से पूर्व सभी विवरणों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करें।**
6. **भविष्य के संदर्भ हेतु जमा किए गए आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड कर सुरक्षित रखें।**

7. नवीनतम सूचनाओं हेतु समर्थ पोर्टल, पंजीकृत ई-मेल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।
8. जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रस्ताव प्राप्त हो, उन्हें निर्धारित समयावधि में उसे स्वीकार करते हुए अभिलेख सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
9. सीट सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित अवधि के भीतर प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।
10. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत पोर्टल पर पुष्टि होने के उपरांत ही प्रवेश मान्य माना जाएगा।
11. विश्वविद्यालय में विधिवत पंजीकरण के बिना प्रवेश वैध नहीं माना जाएगा।

## 2. महत्वपूर्ण निर्देश

1. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में अंकित समस्त विवरण सही एवं सत्य हों।
2. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा की गई किसी भी त्रुटि के लिए महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
3. अभिलेख सत्यापन एवं अंतिम अनुमोदन तक प्रवेश अस्थायी (Provisional) रहेगा।
4. किसी भी स्तर पर विसंगति पाए जाने पर महाविद्यालय प्रवेश निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नवीनतम सूचनाओं हेतु अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें : https://kmgcbadalpur.org/

महाविद्यालय विद्यार्थियों की अभिरुचि एवं योग्यता के अनुरूप विविध पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है। पाठ्यक्रमों से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु इस विवरणिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

## 3. आरक्षण नीति

राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के अभ्यर्थियों हेतु सभी पाठ्यक्रमों में निम्नानुसार सीटें आरक्षित होंगी :

ऊर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)

I. प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल सीटों का 21% अनुसूचित जाति (SC) वर्ग हेतु आरक्षित होगा।

II. प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल सीटों का 2% अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग हेतु आरक्षित होगा।

III. प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल सीटों का 27% अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) वर्ग हेतु आरक्षित होगा।

IV. प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल सीटों का 10% आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) हेतु आरक्षित होगा।

क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)

महाविद्यालय समावेशी एवं समानतापूर्ण प्रवेश नीति का पालन करते हुए विशेष श्रेणियों हेतु क्षैतिज आरक्षण प्रदान करता है।

I. दिव्यांगजन (PWD) श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु 5% सीटें आरक्षित होंगी।

II. स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों हेतु 2% सीटें आरक्षित होंगी।

III. भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों हेतु 1% आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

IV. खेल कोटा के अंतर्गत 2% सीटों पर प्रवेश संस्थागत नीति के अनुसार प्रदान किया जाएगा, जिसमें मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धियों एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन सम्मिलित हो सकता है।

V. किसी भी प्रकार के आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के समय संबंधित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

VI. परीक्षा बोर्ड के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है। किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे।

VII. अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है तथा भारत के सभी राज्यों के अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु समान रूप से पात्र होंगे।

VIII. शासनादेशानुसार एकल बालिका (Single Girl Child) श्रेणी हेतु 2% सीटें आरक्षित होंगी।

नियम एवं विनियम

I. मान्यता प्राप्त बोर्ड एवं विश्वविद्यालयों की सूची (NIOS, AIU एवं UGC की वेबसाइटों के अनुसार) महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी हेतु निम्न लिंक देखें : https://kmgcbadalpur.org/wp-content/uploads/2026/05/Colleges-Admission-Brochure-2026-27-1.pdf

II. विषयों का आवंटन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

III. जो अभ्यर्थी पंजीकरण के समय आरक्षण श्रेणी का दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे, उन्हें अनारक्षित श्रेणी में माना जाएगा तथा प्रवेश के समय आरक्षण का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

IV. एनआरआई श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश शासनादेश एवं प्रचलित नियमों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

V. सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों (CCA) के अंतर्गत 2% सीटें संस्थागत मानदंडों एवं पात्रता के अनुसार आरक्षित होंगी।

VI. कश्मीरी प्रवासी अभ्यर्थियों हेतु शासनादेश एवं लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार 2% सीटें आरक्षित होंगी।

VII. अर्जित क्रेडिट्स की वैधता केवल सात वर्षों तक प्रभावी रहेगी। सात वर्ष पूर्ण होने के उपरांत उक्त क्रेडिट्स को समय-सीमा से बाहर माना जाएगा तथा प्रवेश हेतु मान्य नहीं किया जाएगा।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु

1. अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात यदि अध्ययन में अंतराल (Gap) हो, तो प्रत्येक शैक्षणिक सत्र हेतु 2% अंक कटौती लागू होगी।
2. स्नातक स्तर पर नामांकन के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा :
   - स्नातक उपाधि हेतु 120 क्रेडिट्स
   - स्नातकोत्तर पात्रता हेतु आवश्यक 80 क्रेडिट्स, सात वर्षों की अवधि के भीतर।

(Disclaimer)

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड एवं विश्वविद्यालयों की सूची चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अनुसार मान्य होगी।
2. प्रवेश शासनादेश एवं सरकारी नियमों के अधीन होगा।
3. सूचनाएँ समय-समय पर अद्यतन की जा सकती हैं।
4. महाविद्यालय नियमों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संपर्क / कैसे पहुंचें

कुमारी मायावती सरकारी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज
बदलपुर, गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)
पिन : 203207
हमें कॉल करें
फोन:
9711802814, B.Sc.: 9015435523, B. Voc: 9458886343, B.Ed.: 9027468108, B. Com: 9212209984, B.A: 8800804096
अधिक जानकारी हेतु देखें: https://kmgcbadalpur.org/
प्रवेश हेतु क्लिक करें: www.kmgcbadalpuradm.samarth.edu.in

**Email Us**
principal@kmgcbadalpur.org